तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	
	जयनारायण भाटी **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (तहसीलदार जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353110788522188	
09/06/26	अपीलार्थी जयनारायण भाटी निवासी 365, सोजती गेट के अन्दर, तेलियों का बास, नया वार्ड नम्बर 72, जोधपुर ने लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार जोधपुर) को प्रस्तुत प्रार्थना पत्र दिनांक 29.03.2026 वित्तीय वर्ष 2025–26 (दिनांक 01 अप्रेल 2025 से 31 मार्च 2026) में तहसीलदार जोधपुर कार्यालय में पदस्थापित /प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत कर्मचारियों/अधिकारियों तथा संविदाकर्मियों के संबंध में प्रमाणित प्रतिलिपि व अन्य विविध सूचना के लिए प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी उपस्थित। रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार जोधपुर) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार जोधपुर) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (आलोक रंजन) जिला कलक्टर, जोधपुर	

RajKaj Ref No.: 22737989

M e-Sign

Signature valid

Digitally signed by Alok Ranjan
Designation: Collector and District Magistrate
Date: 2026.06.09 12:23:37 IST
Reason: Approved